Fire in Maliwara in Delhi

251. SHRI PRABHAKAR RAO KALVALA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that property worth crores of rupees was destroyed when about 20 shops were gutted in a devastating fire in Maliwara (walled city) in Delhi on 10.1.91;

(b) if so, the cause of the incident;

(c) estimated loss of life and property;

(d) whether any compensation has since been paid; and

(e) whether any inquiry has been conducted?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY *OF* HOME AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SUBODH KANT SAHAY); (a) No, Sir.

(b) The cause of fire has not heen determined.

(c) There was no loss of life. Loss of property has been estimated as Rs. 15 lakhs approximately.

(d) No, Sir.

(e) A case u/s 436 I.P.C. *vide* F.I.R. No. 9 dated 10.1.91 has been registered.

आकाशवाणी तथा दूरदर्शन पर संस्कृत भाषा में समाचार बुलटिन और अन्य कार्यक्रम

252. **श्री कृष्ण लाल शर्मा :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के श्रोता अनुसंधान केन्द्र ने उन भाषाओं के संबध में कोई सर्वेक्षण किया है जिसमें समाचार बलेटिन तथा अन्य कार्यक्रम अधिक लोकप्रिय हैं ;

(ख) क्या इस अनुसंधान में संस्कृत भाषा के बारे में कोई टिप्पणियां की गई हैं ;

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या इन टिप्पनियों को ध्यान में रखते हुए आकाशवाणी तथा दूरदर्शन द्वारा संस्कृत भाषा के समाचार बुलेटिन तथा संस्कृत के अन्य कार्यक्रमों में कोई वृद्धि अथवा फेर-बदल की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय :) आकाशवाणी ने लोकप्रिय कार्यक्रमों का नम्बरवार पता लगाने के लिए 80 केन्द्रों पर सामान्य सर्वेक्षण आरंभ किया है।

(ख) से (ङ) ये प्रश्न अध्ययन पूरा हो जाने के बाद ही पैदा होंगे।

दिल्ली दूरदर्शन द्वारा संस्कृत कार्यक्रमों का प्रसारण

253. **श्री प्रमोद महाजन :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र से क्षेत्रीय भाषा कार्यक्रम (सायं 6.40 से सायं 7 बजे तक) के अन्तर्गत, भारत के संविधान द्वारा अनुमोदित किन-किन क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि दूरदर्शन निदेशालय ने इसमें संस्कृत भाषा के कार्यक्रम प्रसारित करने का आदेश भी दिया था, और

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त आदेश के अनसार अभी तक संस्कृत कार्यक्रम प्रसारित न किए जाने के क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली से सायं 6.40 बजे सायं से 7.00 बजे के बीच प्रसारित कार्यक्रम केवल हिन्दी में होते हैं।

(ख) और (ग) संस्कृत सहित विभिन्न भाषाओं में कार्यक्रम दूरदशन द्वारा